# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 17.02.2026**

- **थाना डेरापुर पुलिस व दिल्ली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से एनडीपीएस एक्ट में पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्त को अवैध मादक पदार्थ के साथ किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 04 किलो 168 ग्राम अवैध चरस बरामद ।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना डेरापुर पुलिस द्वारा एन्टी नारकोटिक्स टीम, दिल्ली पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाना सेक्टर 23, द्वारका, नई दिल्ली में पंजीकृत मु0अ0सं0 45/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बृजमोहन पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम गुरियापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 55 वर्ष को उसके घर से 04 किलो 168 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया ।

अवगत कराना है कि एण्टी नारकोटिक्स सेल, (द्वारका, दिल्ली पुलिस) द्वारा अभियुक्त मयंक पुत्र अरविन्द सिंह निवासी ग्राम पाल नगर, थाना किशनी, जनपद मैनपुरी व हाल पता गली नम्बर 4, झनकार रोड, गोयला डेयरी, थाना छावला, नई दिल्ली के कब्जे से बरामद हुई 249 ग्राम अवैध चरस के आधार पर दिनांक 14.02.2026 को थाना सेक्टर 23, द्वारका, दिल्ली में मु0अ0सं0 45/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम मयंक पुत्र अरविन्द सिंह उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में अभियुक्त बृजमोहन पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम गुरियापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात का नाम प्रकाश में आया, जिसके आधार पर आज दिनांक 17.02.2026 को थाना डेरापुर पुलिस व दिल्ली पुलिस के संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्त बृजमोहन पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम गुरियापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात को उसके घर से 04 किलो 168 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध दिल्ली पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही कर सम्बन्धित माननीय न्यायालय में पेश किया जायेगा ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-**

बृजमोहन पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम गुरियापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 55 वर्ष ।

**बरामदगी-**

04 किलो 168 ग्राम अवैध चरस

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना डेरापुर पुलिस व एन्टी नारकोटिक्स सेल, द्वारका, नई दिल्ली